# मन्दिर न्यास श्री बाबा बालक नाथ समूह शाहतलाई जिला बिलासपुर हिमाचल प्रदेश
## लेखाओं का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन
## अवधि 1.1.2013 से 31.12.2014

### भाग–एक

**1 प्रस्तावना**

**(क)** हिमाचल प्रदेश हिन्दू सार्वजनिक धार्मिक संस्था और पूर्व विन्यास अधिनियम 1984 की धारा 23 (2) (ग)(2) तथा हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्या भाषा (A)3–3/85–पार्ट–II दिनांक 17.1.1989 के दृष्टिगत, मन्दिर न्यास श्री बाबा बालक नाथ समूह शाहतलाई के अवधि 1.1. 2013 से 31.12.2014 के लेखाओं का अंकेक्षण स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश द्वारा किया गया।

**(ख) मन्दिर न्यास श्री बाबा बालक समूह शाहतलाई में अंकेक्षणाधीन अवधि 1.1.2013 से 31.12.2014 के दौरान निम्नलिखित अधिकारी उपमण्डलाधिकारी (ना) घुमारवीं एवं अध्यक्ष मन्दिर न्यास के पद पर कार्यरत्त रहेः–**

| क्र0सं0 | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्रीमती मानसी सहाय ठाकुर | 1.1.2013 से 15.01.2013 |
| 2 | श्री राजीव कुमार | 30.01.2013 से 31.12.2014 |

**(ग) गम्भीर अनियमितताओं का सार**

मन्दिर न्यास श्री बाबा बालक नाथ समूह शाहतलाई के अवधि 1.1.2013 से 31.12. 2014 तक के अंकेक्षण प्रतिवेदन में पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का संक्षिप्त सार निम्नलिखित हैः–

| क्र0सं0 | पैरा सं0 | अनियमितताओं का सार | ₹ लाखों में |
|---|---|---|---|
| 1 | 9 | श्री बाबा बालक नाथ न्यास मन्दिर न्यास समूह शाहतलाई द्वारा निवेशित की गई राशियों पर अर्जित ब्याज से काटी गई टी0डी0एस0 की राशि को वापिस प्राप्त न करने बारे | 1.74 |
| 2 | 13 | अग्रिम के रूप में भुगतान की गई राशि को वापिस न करना | 0.17 |
| 3 | 14 | मन्दिर न्यास के कर्मचारियों को मेला भत्ते/त्यौहार भत्ते/मानदेय के रूप में राशि का अनुचित भुगतान करने बारे | 2.97 |
| 4 | 19 | मन्दिर न्यास द्वारा "Average Reading" (ऐवरेज रीडिंग) के आधार पर जारी बिजली के बिलों की राशि का अनियमित भुगतान करने बारे | 1.04 |
| 5 | 20 | लंगर हेतु एवं अन्य उद्देश्यों हेतु खरीदी गई सामग्री की स्टॉक रजिस्टर में प्रविष्टियाँ न करना व जारी की गई सामग्री की खपत विवरणियाँ तैयार न करना | 1.39 |

### (घ) गत अंकेक्षण प्रतिवेदन

गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों में समाविष्ट अनुच्छेदों/पैरों पर की गई कार्रवाई का अवलोकन वर्तमान अंकेक्षण के दौरान समीक्षा करने के उपरान्त पैरों की नवीनतम स्थिति इस अंकेक्षण प्रतिवेदन के **परिशिष्ट "A"** पर दर्शाई गई है। अंकेक्षण के दौरान यह देखने में आया है कि मन्दिर न्यास द्वारा इन लम्बित पैरों के निपटारे के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है, जोकि अत्यन्त चिन्ताजनक है। अतः मन्दिर न्यास द्वारा इन पैरों के निपटारे हेतु विशेष अभियान/कार्रवाई की जानी सुनिश्चित की जाए व अनुपालना से यथासमय इस विभाग को अवगत करवाया जाए ताकि अधिक से अधिक पैरों का निस्तांरण सम्भव हो सके।

## भाग—दो

### 2 वर्तमान अंकेक्षण

मन्दिर न्यास श्री बाबा बालक नाथ समूह शाहतलाई के अवधि 1.1.2013 से 31.12.2014 के लेखाओं का वर्तमान अंकेक्षण, जिसके परिणाम अनुवर्ती पैरा/अनुच्छेदों पैरों में दिए गए है, श्री तारा चन्द महन्त, सहायक नियन्त्रक (लेखा परीक्षा) तथा श्री पुनीत शर्मा आर्टिकल सहायक द्वारा दिनांक 17.6.2015 से 25.7.2015 के दौरान शाहतलाई में किया गया। आय की विस्तृत जाँच हेतु माह 4/2013, 4/2014 तथा व्यय के लिए माह 1/2013 तथा 6/2014 के लेखाओं का चयन किया गया है।

वर्तमान अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण मन्दिर द्वारा प्रेषित सूचनाओं के आधार पर किया गया है। मन्दिर न्यास द्वारा किसी प्रकार की अधूरी अथवा गलत सूचना प्रदान करने के लिए स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग हिमाचल प्रदेश का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा।

### 3 अंकेक्षण शुल्क

मन्दिर न्यास श्री बाबा बालक नाथ समूह शाहतलाई के अवधि 1.1.2013 से 31.12.2014 के लेखाओं के वर्तमान अंकेक्षण हेतु अंकेक्षण शुल्क का आंकलन ₹46000/— (छतालीस हजार केवल) किया गया। अंकेक्षण शुल्क की उक्त राशि को रेखाकिंत बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग शिमला—171009 भेजने हेतु सहायक नियन्त्रक (लेखा परीक्षा) की अधियाचना 23.7.2015 द्वारा प्रभारी मन्दिर न्यास से आग्रह किया गया। मन्दिर न्यास द्वारा हिमाचल प्रदेश सहकारी बैंक शाखा तलाई के चैक नं0 422893 दिनांक 31.7.2015 द्वारा अंकेक्षण शुल्क की ₹46000/— भेज दी गई है।

**4 वित्तीय स्थिति**

**(क)** मन्दिर न्यास श्री बाबा बालक नाथ समूह शाहतलाई द्वारा प्रस्तुत मन्दिर न्यास के अवधि 1.1.2013 से 31.12.2014 के लेखाओं की वित्तीय स्थिति निम्नलिखित है, जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट (B)** में भी दिया गया है।

**वर्ष 2013**

| | | |
|---|---|---|
| **(i)** | **दिनांक 1.1.2013 को प्रारम्भिक शेष** | **40930000** |
| (ii) | वर्ष 2013 में प्राप्त आय | 21489813 |
| (iii) | वर्ष 2013 में बचत खातों पर अर्जित ब्याज | 543263 |
| (iv) | कुल प्राप्त राशि | 62963076 |
| (v) | वर्ष 2013 में व्यय की गई राशि | 11126641 |
| (vi) | **दिनांक 31.12.2013 को अन्त शेष की राशि** | **51836435** |

**वर्ष 2014**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | **दिनांक 1.1.2014 को प्रारम्भिक शेष** | **51836435** |
| (ii) | वर्ष 2014 में प्राप्त आय | 23986569 |
| (iii) | वर्ष 2014 में बचत खातों पर अर्जित ब्याज | 220509 |
| (iv) | कुल प्राप्त राशि | 76043513 |
| (v) | वर्ष 2014 में व्यय की गई राशि | 11389228 |
| (vi) | **दिनांक 31.12.2014 को अन्त शेष की राशि** | **64654285** |

| | |
|---|---|
| **दिनांक 31.12.2014 को बैंक तथा सावधि जमा योजना में निवेशित राशि** | **75753497** |
| **अन्तर की राशि** | **11099212** |

**(ख) बैंक समाधान विवरणिका**

| | |
|---|---|
| दिनांक 31.12.2014 को अन्तशेष की राशि | 64654285 |
| जमाः–गत अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 1.1.2010 से 31.12.2012 के अनुसार सावधि जमा योजना में निवेशित राशि पर अर्जित ब्याज जोकि रोकड़ बही में दर्ज नहीं किया गया। | (+)2227574 |
| जमाः– सावधि जमा योजना में निवेशित राशि पर वर्ष 2013 में अर्जित ब्याज जोकि रोकड़ बही में दर्ज नहीं किया गया। विवरण **परिशिष्ट (B) (i)** | (+) 1954846 |
| जमाः– गत अंकेक्षण प्रतिवेदन 1/2010 से 12/2012 में सावधि जमा योजना में निवेशित राशि जोकि कम दर्शाई गई (26492385–25159757)। **विवरण परिशिष्ट B (2)** | (+) 1332628 |
| जमाः– वर्ष 2014 में सावधि जमा योजना में निवेशित राशि पर अर्जित ब्याज जोकि रोकड़ बही में दर्ज नहीं किया गया। **विवरण परिशिष्ट B (3)** | (+) 5679878 |
| जमाः– दिनांक 31.12.2014 को रोकड़ बही में व्यय हेतु जारी किए गए चैक जोकि बैंक में भुगतान हेतु प्रस्तुत नहीं किये गये। **विवरण परिशिष्ट B (4)** | (+) 108166 |
| माईनसः– गत अंकेक्षण प्रतिवेदन 1/2010 से 12/2012 में सावधि जमा योजना में अर्जित ब्याज जोकि गलती से अधिक दर्शाया गया है (3451601–3284631)। विवरण **परिशिष्ट B (5)** | (–) 166970 |

| | |
|---|---|
| माईनसः– गत अंकेक्षण प्रतिवेदन के अनुसार रोकड़ बही में सिक्को की राशि दर्ज की गई, परन्तु बैंक द्वारा क्रेडिट नहीं की गई। | (–) 17400 |
| **शुद्ध राशि** | **75773007** |
| **दिनांक 31.12.14 को बैंक व सावधि जमा योजना में निवेशित राशि का अन्तशेष** | **75753497** |
| **शुद्ध अन्तर की राशि** | **19510** |

**नोटः– (i)** वर्ष 2010 से विभिन्न बैंक शाखाओं में मन्दिर न्यास के बचत खातों मे पड़ी जमा राशियों में से बैंक शुल्क (Bank Charges) की राशियां विभिन्न बैंकों द्वारा काटी/घटाई जा रही है, जिनकी प्रविष्टियाँ/ईन्द्राज मन्दिर न्यास द्वारा रोकड़ बही में नहीं किया गया है। अतः अनुपालना हेतु सुझाव दिया जाता है कि विभिन्न बैंकों द्वारा काटी/घटाई गई बैंक शुल्क की राशियों का ब्यौरा/विवरण तिथिवार व वर्षवार तैयार करके अन्तर की ₹19510/– का संस्था द्वारा अपने स्तर पर मिलान करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**(ii)** दिनांक 31.12.2014 को रोकड़ बही में दर्ज व्यय से सम्बन्धित निम्नलिखित चैक जारी किए गए परन्तु यह चैक बैंक में भुगतान हेतु प्रस्तुत नहीं किये गएः–

| **क्र0सं0** | **दिनांक** | **चैक नं0** | **राशि** |
|---|---|---|---|
| 1 | 17.7.2014 | 293225 | 3000 |
| 2 | 26.7.2014 | 693454 | 3885 |
| 3 | 23.8.2014 | 693455 | 7213 |
| 4 | 15.12.2014 | 693895 | 840 |
| 5 | 3.12.2014 | 693892 | 6358 |
| 6 | 15.12.2014 | 693987 | 1200 |
| 7 | 15.12.2014 | 694405 | 1830 |
| 8 | 15.12.2014 | 693893 | 1680 |
| 9 | 15.12.2014 | 693894 | 720 |
| 10 | 15.12.2014 | 824817 | 76960 |
| 11 | 3.12.2014 | 824813 | 840 |
| 12 | 31.12.2014 | RTGS | 3640 |
| | | **योग** | **₹108166** |

**(iii)** दिनांक 31.12.2014 को मन्दिर न्यास श्री बाबा बालक नाथ समूह शाहतलाई के बैंक बचत खातों व सावधि जमा योजना में निवेशित राशि का विवरण निम्नलिखित हैः–

| **क्र0सं0** | **खाता सं0** | **बैंक का नाम** | **31.12.14 को शेष राशि** |
|---|---|---|---|
| 1 | 265500010090822 | पंजाब नेशनल बैंक शाखा जडडू | 2588678 |
| 2 | 11513239525 | भारतीय स्टेट बैंक शाखा तलाई | 220571 |
| 3 | 11710100297 | हि0प्र0 सहकारी बैंक शाखा तलाई | 791568 |
| 4 | – | सावधि जमा योजना में निवेशित राशि | 72127109 |
| 5 | – | 31.12.14 को हस्तगत राशि | 25571 |
| | | **कुल योग** | **₹75753497** |

## 5 सावधि जमा योजना में निवेश

मन्दिर न्यास श्री बाबा बालक नाथ समूह शाहतलाई द्वारा अंकेक्षणाधीन अवधि के अन्त तक दिनांक 31.12.14 को ₹72127109/– सावधि जमा योजना में निवेशित की गई थी, जिसका विवरण इस अंकेक्षण प्रतिवेदन के **परिशिष्ट (C)** में दिया गया है। मन्दिर न्यास द्वारा जो सावधियां तैयार की जाती हैं, उनका पूर्ण अभिलेख ब्याज की राशि सहित सम्बन्धित रजिस्टर में दर्ज नहीं किया गया है। इसके अतिरिक्त अवलोकन पर यह भी पाया गया कि मन्दिर न्यास द्वारा निवेशित राशियों पर विभिन्न बैंकों द्वारा दिये गये ब्याज की राशियों को भी रोकड़ बही में दर्ज नहीं किया गया है। अतः परामर्श दिया जाता है कि न्यास प्रभारी द्वारा वित्तीय अभिलेखों व रजिस्टरों को पूर्ण रूप से तैयार करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 6 सोने चांदी का विवरण

मन्दिर न्यास द्वारा प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार अंकेक्षण अवधि 1.1.2013 से 31.12.2014 तक प्राप्त सोने एवं चांदी की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से है, जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट (D)** में भी दिया गया है।

### (क) सोना

| | किलो | ग्राम | मिलीग्रा0 |
|---|---|---|---|
| **दिनांक 1.1.2013** को **प्रारम्भिक शेष** | – | **121** | **390** |
| वर्ष 2013 की प्राप्ति | – | 23 | 150 |
| वर्ष 2014 की प्राप्ति | – | 0 | 510 |
| दिनांक 31.12.14 को अन्तशेष | **योग** | **145** | **050** |

### (ख) चांदी

| | किलो | ग्राम | कि0ग्रा0 |
|---|---|---|---|
| **दिनांक 1.1.2013** को **प्रारम्भिक शेष** | **5** | **711** | **390** |
| वर्ष 2013 की प्राप्ति | – | 422 | 260 |
| वर्ष 2014 की प्राप्ति | – | 538 | 660 |
| **दिनांक 31.12.14 को अन्तशेष** | **6** | **672** | **310** |

## 7 विदेशी मुद्रा

**(क)** मन्दिर न्यास श्री बाबा बालक नाथ समूह शाहतलाई द्वारा अंकेक्षण अवधि 1.1.2013 से 31.12.14 के दौरान निम्नलिखित विदेशी मुद्रा को किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक में बदलने हेतु भेंजा नहीं गया। अतः विदेशी मुद्रा को शीघ्र बैंक से बदला जाए ताकि भारतीय म्रुदा प्राप्त की जा सके तथा मन्दिर की आय में बढ़ौतरी हो सके।

| क्र0 सं0 | दिनांक | करन्सी का नाम/विदेशी मुद्रा का नाम | नोट/सिक्को की संख्या | नोट संख्या | विदेशी मुद्रा पेज नं0 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 28.5.13 | यूनाईटेड स्टेट ऑफ अमेरिका | 1 डालर | B 36845405C | 14 |
| | | | 1 डालर | L 61670847F | 14 |
| | | | 1 डालर | L 11188840 | 14 |
| 2 | 4.6.13 | यूनाईटेड स्टेट ऑफ अमेरिका | 1 डालर | L 91581797A | 14 |
| 3 | 17.6.2013 | यूनाईटेड सैन्ट्रल बैंक ऑफ अमीरात | 20 दिनार | 009529214 | 14 |
| 4 | 21.6.32013 | यूनाईटिड स्टेट ऑफ अमेरिका | 1 डालर | L 93028705K | 14 |
| 5 | 23.7.2013 | कतार सैन्ट्रल बैंक | 5 रियाल | W/TV 9F0091 | 14 |
| | | | 5 रियाल | W/DP Fyoeyo | 14 |
| | | | 5 रियाल | W/P 770700 | 14 |
| 6 | 26.7.2013 | कतार सैन्ट्रल बैंक | 5 रियाल | 1 Ay-IV | 14 |
| | | | 5 रियाल | EIPPEA | 14 |
| | | | 5 रियाल | EV9EV | 14 |
| 7 | 12.8.2013 | यूनाईटेड स्टेट ऑफ अमेरिका | 1 डालर | B 71032601 H | 14 |
| 8 | 2.9.2013 | यूनाईटेड स्टेट ऑफ अमेरिका | 1 डालर | G 92842455 F | 14 |
| 9 | 7.10.2013 | यूनाईटेड स्टेट ऑफ अमेरिका | 1 डालर | D 81004872 D | 14 |
| 10 | 14.10.2013 | कतार सैन्ट्रल बैंक | 10 रियाल | 1E7/A97 | 14 |
| | | | 1 रियाल | 2P 10AO | 14 |
| | | | 1 रियाल | 9/E VIJ II | 14 |
| | | सैन्ट्रल बैंक ऑफ ओमान | 5 रियाल | E/O 7E9719 | 14 |
| | | यूनाईटिड सैन्ट्रल बैंक ऑफ अमीरात | 10 दिनार | 04511373 | 14 |
| | | संऊदी अरेबियन होनेस्ट्री ऐजेन्सी | 1 रियाल | EOOV/AA | 14 |
| | | दी रियाल बैंक ऑफ स्कांटलैड | 1 पाऊंड | 289613 | 14 |
| | | | 1 पाऊंड | 781628 | 14 |
| | | सैन्ट्रल बैंक ऑफ ओमान | 100 ओमान | 2/29 Y90e-yo | 14 |
| | | | 100 ओमान | OAy-IY | 14 |
| 11 | 6.1.14 | यूनाईटिड सैन्ट्रल बैंक ऑफ अमीरात | 10 दीनार | 078169169 | 15 |
| 12 | 7.1.2014 | यूरो | 5 यूरो | 34557554126 | 15 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 13 | 15.3.2014 | सैन्ट्रल बैंक ऑफ आस्ट्रेलिया | 20 डालर | 106080044 | 15 |
| | | | 10 डालर | CH 0740/547 | 15 |
| | | | 5 डालर | CE 07500134 | 15 |
| | | | 5 डालर | OK 08369548 | 15 |
| | | | 1 डालर | C 50449014 F | 15 |
| 14 | 18.3.14 | सैन्ट्रल बैंक ऑफ ओमान | 100 बईसा | E/11 oyo701 | 15 |
| 15 | 19.3.14 | सैन्ट्रल बैंक ऑफ कुर्बत | 1/2 दीनार | 806534 | 15 |
| 16 | 22.3.14 | सैन्ट्रल बैंक ऑफ ओमान | 100 बईसा | 2/1 7 Y9E-E | 15 |
| | | | 100 बईसा | 7EOXX | 15 |
| | | सैन्ट्रल बैंक ऑफ आस्ट्रेलिया | 20 डालर | 501482 | 15 |
| 17 | 23.3.2014 | कतर सैन्ट्रल बैंक | 1 रियाल | 782009805 | 15 |
| | | सैन्ट्रल बैंक ऑफ मलेशिया | 1 मलेशिया | 603437239 | 15 |
| 18 | 8.4.2014 | सैन्ट्रल बैंक ऑफ आस्ट्रेलिया | 20 डालर | 073100 | 15 |
| | | सैन्ट्रल बैंक ऑफ कुर्बत | 5 दीनार | 002610303 | 15 |
| 19 | 7.7.2014 | बैंक ऑफ कनाड़ा | 10 डालर | 8067592 | 15 |
| | | | 5 दीनार | 576690442 | 15 |
| 20 | 1.8.2014 | बैंक ऑफ भूटान | 5 वैक्यू डूलेविन | J 087G2602 | 15 |
| 21 | 3.11.2014 | सैन्ट्रल बैंक ऑफ कुर्बत | 1 मलेशिया | AK6001540 | 15 |
| | | | 1 रियाल | 1TTIF | 15 |
| 22 | 24.11.2014 | यूनाईटेड स्टेट ऑफ अमेरिका | 1 डालर | F 37396639 | 15 |
| | | | 1 डालर | F 3299724 | 15 |
| | | | 1 डालर | F 4604212 | 15 |
| | | | 1 डालर | I 1538723 | 15 |
| | | नैशनल बैंक ऑफ ईथोपिया | (1) | JE 2273515 | 15 |
| 23 | 8.12.2014 | यूनाईटेड स्टेट ऑफ अमेरिका | 1 डालर | D 67870505 | 15 |
| | | | 1 डालर | H 71861973 | 15 |
| | | | 1 डालर | G 18846967H | 15 |
| | | | 1 डालर | J 73676725B | 15 |
| | | | 1 डालर | F 46033939B | 15 |
| | | | 1 डालर | C 45656969C | 15 |
| | | | 1 डालर | L 28585958 R | 15 |
| | | | 1 डालर | L 80889655C | 15 |
| | | | 1 डालर | F 85132288H | 15 |
| | | | 1 डालर | C 91290664 D | 15 |
| | | | 1 डालर | L 61925099 B | 15 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 डालर | J 67552572 C | 15 |
| | | | 1 डालर | E 80930227 D | 15 |
| 24 | 8.12.2014 | सैन्ट्रल बैंक ऑफ कुर्बत | 1 रियाल | 9/17A E9009 | 15 |
| | | | 1 रियाल | 9/P ViPEyy | 15 |
| 25 | 8.12.2014 | यूनाईटिड सैन्ट्रल बैंक ऑफ अमीासत | 5 दिनार | 577yyffoe0667 72354 | 15 |
| 26 | 15.12.2014 | बैंक ऑफ कनाडा | 10 कनाडा | FTC 3858997 | 15 |
| 27 | 29.12.2014 | यूनाईटिड स्टेट ऑफ अमेरिका | 20 डालर | JK 5360020 A | 15 |

**(ख)** इसके अतिरिक्त मन्दिर न्यास द्वारा दानस्वरूप प्राप्त विदेशी मुद्रा से सम्बन्धित अभिलेख की जांच करने पर पाया गया कि निम्न विवरणानुसार मुख्य गल्ला रजिस्टर में प्राप्त विदेशी मुद्रा की सम्बन्धित विदेशी मुद्रा रजिस्टर में प्रविष्टि नहीं की गई थी। अंकेक्षण द्वारा आपत्ति उठाने पर विदेशी मुद्रा की सम्बन्धित विदेशी मुद्रा रजिस्टर में प्रविष्टि कर ली गई, जिसकी पुष्टि अंकेक्षण के दौरान कर दी गई। अतः सुझाव दिया जाता है कि भविष्य में आन्तरिक निरीक्षण प्रणाली को सुदृढ़ करें ताकि इस तरह की अनियमितता पर रोक लगाई जा सके।

| क्र0 सं0 | दिनांक | मुख्य गल्ला गणना रजिस्टर में प्राप्त विदेशी मुद्रा पेज नं0 | करेन्सी/विदेंशी मुद्रा का नाम | नोट/सिक्कों की सं0 | संख्या/ नं0 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 14.10.13 | 73 | रियाल | 10 | 42/0 7E (19719) |
| 2 | 6.3.2014 | 95 | दिनार | 20 | 012956869 |
| | | | दिनार | 10 | 092942683 |
| | | | रूपया (नेपाल) | 10 | 2233621 |
| 3 | 23.3.2014 | — | रियाल | 1 | 782009865 |
| | | | (मलेशिया) | 1 | 3437239 |
| 4 | 8.4.2014 | 117 | बईसा | 100 | 2/07 1 133 |
| 5 | 30.6.2014 | 139 | दिनार | 10 | NAE/011876028 |
| | | | **कुल नोट संख्या** | **162** | |

## 8 फटटे पुराने/कन्डम नोट

मन्दिर न्यास श्री बाबा बालक नाथ समूह तलाई में वर्ष 2013–2014 में प्राप्त कण्डम नोटों का विवरण निम्न प्रकार से हैः–

| वर्ष 2013 | | वर्ष 2014 | |
|---|---|---|---|
| **माह/वर्ष** | **प्राप्त कन्डम नोट की राशि** | **माह/वर्ष** | **प्राप्त कन्डम नोट की राशि** |
| 1/2013 | 641 | 1/2014 | 482 |
| 2/2013 | 570 | 2/2014 | 295 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3/2013 | 3176 | 3/2014 | 1405 |
| 4/2013 | 3975 | 4/2014 | 1448 |
| 5/2013 | 2286 | 5/2014 | 590 |
| 6/2013 | 2060 | 6/2014 | 527 |
| 7/2013 | 1297 | 7/2014 | 169 |
| 8/2013 | 557 | 8/2014 | 1070 |
| 9/2013 | 231 | 9/2014 | 260 |
| 10/2013 | 321 | 10/2014 | 80 |
| 11/2013 | 497 | 11/2014 | 75 |
| 12/2013 | 1101 | 12/2014 | 179 |
| **योग** | **₹16712** | | **₹6580** |
| दिनांक 1.1.2013 तक कन्डम नोटों का प्रारम्भिक शेष | | | ₹97166 |
| वर्ष 2013 में प्राप्त कन्डम नोट राशि | | | ₹16712 |
| वर्ष 2014 में प्राप्त कन्डम नोट राशि | | | ₹6580 |

मन्दिर न्यास द्वारा वर्ष 2013 तक प्राप्त कुल कन्डम नोट (97166+16712=113878) को दिनांक 26.2.2014 को बदल कर प्राप्त ₹90000/– रोकड़ बही पेज नं0 63 में दर्ज करके इस राशि को भरतीय स्टेट बैंक शाखा तलाई के खाता संख्या 525 में जमा करवाया गया, जिसकी पुष्टि अंकेक्षण के दौरान कर ली गई, परन्तु मन्दिर न्यास द्वारा वर्ष 2014 में प्राप्त कन्डम नोट ₹6580/– को बदला नहीं गया है। अतः परामर्श दिया जाता है कि इन पुराने नोटों को भी बदलने हेतु मन्दिर समूह द्वारा कार्रवाई करनी सुनिश्चित की जाए तथा पुराने नोटों को बदलकर प्राप्त राशि को मन्दिर समूह खाते में जमा किया जाए। इस सन्दर्भ में अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**9 श्री बाबा बालक नाथ न्यास मन्दिर न्यास समूह शाहतलाई द्वारा निवेशित की गई राशियों पर अर्जित ब्याज से काटी गई टी0डी0एस0 की ₹174002/– को वापिस प्राप्त न करने बारे**

मन्दिर न्यास समूह शाहतलाई द्वारा निवेशित की गई राशियों पर अर्जित ब्याज की जांच करने पर पाया गया कि विभिन्न बैंकों द्वारा निम्नानुसार उपरोक्त संस्था द्वारा निवेशित की गई राशियो ंपर अर्जित ब्याज में से टी0डी0एस0 के रूप में निम्नविवरणानुसार कटौती की गई है।

| बैंक का नाम | एफ0डी0आर0 सं0 | दिनांक | परिपक्वता राशि जो ब्याज सहित प्राप्त की जानी थी | वास्तविक राशि जो बैंक द्वारा ब्याज सहित दी गई | टी0डी0एस0 की कटौती |
|---|---|---|---|---|---|
| पी0एन0बी0 | 0000559 | 27.9.13 | 4408572 | 4363061 | 45511 |
| पी0एन0बी0 | 002333 | 22.9.14 | 3326283 | 3295496 | 30787 |
| पी0एन0बी0 | 1454 | 7.3.14 | 2732708 | 2720683 | 12025 |
| पी0एन0बी0 | 1463 | 7.3.14 | 2732708 | 2720684 | 12024 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पी0एन0बी0 | 1472 | 7.3.14 | 2732708 | 2720685 | 12023 |
| पी0एन0बी0 | 1630 | 1.5.14 | 2732708 | 2722644 | 10064 |
| पी0एन0बी0 | 1661 | 16.5.14 | 2732708 | 2723642 | 9066 |
| एस0बी0आई0 | 3278611 | 12.7.14 | 5892798 | 5854222 | 38576 |
| –यथोपरि– | 32206181145 | 12.7.14 | 219716 | 218276 | 1440 |
| –यथोपरि– | 712340 | 17.5.14 | 2180826 | 2178340 | 2486 |
| | | | | **कुल राशि** | **174002** |

उपरोक्त टी0डी0एस0 के रूप में काटी गई राशि को वापिस प्राप्त करने हेतु यह मामला अंकेक्षण अधियाचना संख्या 538 दिनांक 3.7.2015 द्वारा संस्था के ध्यानार्थ लाया गया था। इस सन्दर्भ में चर्चा के दौरान यह बताया गया कि संस्था को आयकर विभाग से आयकर अधिनियम की धारा 80–जी के अन्तर्गत छूट प्राप्त है तथा टी0डी0एस09 की वापिसी जांच हेतु कार्रवाई करने के पश्चात अनुपालना आगामी अंकेक्षण में दर्शा दी जायेगी।

## 10 मन्दिर न्यास द्वारा ₹1800/– कम जमा करने बारे

मन्दिर न्यास श्री बाबा बालक नाथ समूह शाहतलाई के अवधि 1/2013 से 12/2014 के अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि निम्नविवरणानुसार रसीदों से प्राप्त आय को रसीद रजिस्टर, रोकड़ बही व बैंक में जमा नहीं किया गया। अतः मन्दिर न्यास द्वारा प्राप्त आय के रूप में कम दर्ज की गई ₹1800/– को रोकड़ बही में दर्ज करके मन्दिर खाते में जमा करवाया जाये तथा अनुपालना से विभाग को अवगत करवाया जाए।

| क्र0सं0 | दिनांक | कूपन/रसीद नम्बर | प्रति रसीद मूल्य | राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 23.2.2013 | 4758 से 4762 | 100 | 500 |
| 2 | 26.3.2013 | 4720 से 4722 | 100 | 300 |
| 3 | 8.6.14 | 2542 | 500 | 500 |
| 4 | – | 2053 | 500 | 500 |
| | | | **योग** | **₹1800** |

## 11 गिनती के दौरान गल्लों की राशि का योग गलत दर्शाने से ₹1925/–को बैंक में कम जमा करने बारे

मन्दिर न्यास श्री बाबा बालक नाथ मन्दिर समूह शाहतलाई द्वारा अवधि 1/2013 से 12/2014 के दौरान गल्लें की गिनती के दौरान निम्नविवरणानुसार ₹1925/– रजिस्टर में कम दर्ज करके बैंक में भी कम राशि जमा करवाई गई। अतः मन्दिर न्यास द्वारा यह राशि तुरन्त न्यास के खाते में जमा करवाई जानी सुनिश्चित की जाए तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

| क्र0सं0 | दिनांक | गिनती रजिस्टर पेज नं0 | रजिस्टर में दर्ज राशि | वास्तव में राशि | अन्तर राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 15.2.2013 | 193 | 126252 | 126272 | 20 |
| 2 | 6.5.2013 | 29 | 317362 | 317962 | 600 |
| 3 | 26.7.2013 | 58 | 116543 | 117543 | 1000 |
| 4 | 29.7.2013 | 59 | 179542 | 179549 | 7 |
| 5 | 3.1.2014 | 86 | 217412 | 217712 | 300 |
| | | | | **योग** | **₹1927** |

## 12 मन्दिर न्यास द्वारा दान के रूप में प्राप्त विभिन्न वस्तुओं को स्टॉक रजिस्टर में दर्ज न करने बारे

मन्दिर न्यास श्री बाबा बालक नाथ समूह शाहतलाई द्वारा अवधि 1/2013 से 12/2014 के दौरान श्रद्धालुओं से रसीदों के अन्तर्गत दानस्वरूप प्राप्त निम्नलिखित वस्तुओं को सम्बन्धित स्टॉक रजिस्टर में दर्ज नहीं किया गया, जोकि गम्भीर अनियमितता है। अतः इन वस्तुओं/मदों को सम्बन्धित स्टॉक रजिस्टर में दर्ज किया जाना सुनिश्चित किया जाए तथा अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

| क्र0सं0 | माह/वर्ष | दिनांक | रसीद संख्या | सामग्री | मात्रा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3/2013 | 16.3.2013 | 516 | प्याज | 10 कि0ग्रा0 |
| | | | | लाला मिर्च | 300 ग्रा0 |
| | | | | गर्म मसाला | 300 ग्रा0 |
| | | | | आलू | 15 कि0ग्रा0 |
| 2 | 3/2013 | 16.3.2013 | 602 | गिलास | 16 नग |
| | | | | चम्मच | 36 नग |
| | | | | थालियाँ | 8 नग |
| 3 | 3/2013 | 24.3.2013 | 604 | गाजर | 20कि0ग्रा0 |
| 4 | 4/2013 | 6.4.2013 | 609 | गेहूँ | 20 कि0ग्रा0 |
| 5 | — | — | 612 | चावल | 15 कि0ग्रा0 |
| | | | | चीनी | 2 कि0ग्रा0 |
| 6 | 4/2013 | 9.4.2013 | 524 | चावल | 25 कि0ग्रा0 |
| 7 | 4/2013 | 11.4.2013 | 431 | गिलास | 66 नग |
| | | | | गैस भटटी | 1 नग |
| 8 | 4/2013 | 13.4.2013 | 432 | चपाती बनाने वाली मशीन | 1 नग |
| 9 | 4/2013 | 14.4.2013 | 433 | पंखा Indo size 1200 MM | 1 नग |
| 10 | 4/2013 | 15.4.2013 | 528 | गिलास | 10 नग |
| 11 | 4/2013 | 30.4.2013 | 613 | देसी घी | 60 कि0ग्रा0 |
| 12 | 5/2013 | 14.5.2013 | 530 | नमक | 3 कि0ग्रा0 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 13 | 5/2013 | 19.5.2013 | 434 | पंखा orpat size 1200 MM | 1 नग |
| 14 | 6/2013 | 1.6.2013 | 371 | चने दाल | 10कि0ग्रा0 |
| | | | | चावल | 50कि0ग्रा0 |
| 15 | 6/2013 | 30.6.2013 | 436 | देसी घी | 15कि0ग्रा0 |
| 16 | 7/2013 | 1.7.2013 | 614 | देसी घी | 30कि0ग्रा0 |
| 17 | 7/2013 | 28.7.2013 | 376 | चावल | 125 कि0ग्रा0 |
| | | | | चने दाल | 50 कि0ग्रा0 |
| | | | | बेसन | 10 कि0ग्रा0 |
| | | | | तेल | 5 लीटर |
| | | | | धनियां | 250 ग्राम |
| | | | | जीरा | 250 ग्रमा |
| | | | | लाल मिर्च | 500 ग्राम |
| | | | | हल्दी | 500 ग्राम |
| | | | | नमक | 2 कि0ग्रा0 |
| 18 | 8/2013 | 22.8.2013 | 0164159 | नमक | 25 कि0ग्रा0 |
| 19 | 11/2013 | 22.11.2013 | 0218209 | देसी घी | 5 कि0ग्रा0 |
| 20 | 3/2014 | 24.3.2014 | 386 | चीनी | 7 कि0ग्रा0 |
| 21 | 3/2014 | 26.3.2014 | 389 | आलू | 70 कि0ग्रा0 |
| 22 | 4/2014 | 10.4.2014 | 390 | जीरा | 100 ग्राम |
| | | | | काली मिर्च | 100 ग्राम |
| 23 | 4/2014 | 13.4.2014 | 394 | गिलास स्टील | 12 नग |
| | | | | थाली स्टील | 12 नग |
| 24 | 4/2014 | 27.4.2014 | 395 | देसी घी | 1 कि0ग्रा0 |
| | | | | चीनी | 20कि0ग्रा0 |
| | | | | दूध | 2 कि0ग्रा0 |
| 25 | 5/2014 | 25.5.2014 | 398 | नमक | 5 कि0ग्रा0 |
| | | | | काली मिर्च | 1 कि0ग्रा0 |
| 26 | 6/2014 | 22.6.2014 | 616 | मग प्लास्टिक | 2 नग |
| 27 | 7/2014 | 6.7.2014 | 617 | चावल | 10 कि0ग्रा0 |
| 28 | 8/2014 | 22.8.2014 | 533 | पंखा Relaxo | 2 नग |
| 29 | 10/2014 | 20.10.2014 | 625 | सोया बडियाँ | 30 पैकेट |
| 30 | 12/2014 | 6.12.2014 | 629 | नमक | 2 पै0 |
| | | | | हल्दी | 100 ग्राम |
| | | | | मिर्च | 100 ग्रा0 |

## 13 अग्रिम के रूप में भुगतान की गई ₹17000/– को वापिस प्राप्त न करने बारे

अंकेक्षण में जांच के दौरान पाया गया कि मन्दिर न्यास द्वारा गैस सिलेन्डरों की आपूर्ति हेतु दी गई अग्रिम ₹17000/– को एस0डी0ओ0 (सी) के मौखिक आदेशों के अनुसार दिनांक 14.6.2014 को एफ0आई0आर–54 के अन्तर्गत दुर्घटना प्रकरण में तहत भुगतान किया गया है, जोकि न्यास निधि पर उचित प्रभार नहीं है। उपरोक्त अग्रिम राशि की एस0डी0ओ0 (सी) कार्यालय घुमारवीं जिला

बिलासपुर से वसूली करनी अपेक्षित है। अतः इस प्रकरण में अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाई जानी सुनिश्चित की जाए।

**14 मन्दिर न्यास के कर्मचारियों को मेला भत्ते/त्यौहार भत्ते/मानदेय के रूप में ₹297374/– का अनुचित भुगतान करने बारे**

मन्दिर न्यास श्री बाबा बालक नाथ मन्दिर समूह शाहतलाई द्वारा अपने कर्मचारियों को वर्ष 2013 व वर्ष 2014 के दौरान मेला भत्ता, त्यौहार (दीवाली, लोहड़ी) भत्ता/मानदेय के रूप में निम्नविवरणानुसार ₹297374/– का भुगतान किया गया था, जोकि उप–सचिव भाषा एवं संस्कृति विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार के पत्र संख्या ए0सी0डी0–बी 2–9/94–1 दिनांक 21.12.2010 के अनुसार उन्हें देय नहीं था। अतः वर्ष 2013 व वर्ष 2014 के दौरान भुगतान की गई कुल ₹297374/– की न्यास द्वारा भी अपने स्त्तर पर भी गणना करके इसकी वसूली करनी सुनिश्चित की जाए तथा अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

| क्र0सं0 | बिल/वाउचर सं0 | दिनांक | मेले/त्यौहार का विवरण | भुगतान की गई राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 255 | 21.9.2013 | मेला 2013 | 73500 |
| 2 | 73 | 9.8.2014 | मेला 2014 | 70874 |
| 3 | 36 | 1.5.2013 | लोहड़ी 2013 | 7300 |
| 4 | 10 | 1.2.2015 | लोहड़ी 2014 | 6700 |
| 5 | 280 | 1.11.2013 | दिवाली 2013 | 72000 |
| 6 | 221 | 25.10.2014 | दिवाली 2014 | 67000 |
| | | | **योग** | **297374** |

**15 श्री पदम देव पुजारी चतुर्थ श्रेणी को 60 वर्ष की उम्र पर सेवा निवृति करने बारे**

**(क)** वित्तायुक्त एवम सचिव (वित्त) हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्या फिन (सी) ए (3)/98 दिनांक 10.5.2001 में दिये गये दिशा निर्देशों, जोकि उपरोक्त अधिसूचना के पश्चात नियुक्त किये गये है, के अनुरूप चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी की सेवा निवृति 58 वर्ष पूर्ण करने के पश्चात होगी। श्री बाबा बालक नाथ मन्दिर समूह शाहतलाई द्वारा वर्ष 2001 में अपने कर्मचारियों की सेवा शर्तो से सम्बन्धित बनाये गये नियम 13 के अन्तर्गत चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की सेवा निवृति की उम्र 60 वर्ष निर्धारित की गई है। श्री पदम देव पुजारी (अन्डरमैट्रिक) चतुर्थ श्रेणी, जिनकी नियुक्ति 1.8.2012 से की गई थी, को 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर दिनांक 31.3.2014 को सेवा निवृत किया गया, जबकि हिमाचल प्रदेश भाषा एवं संस्कृति विभाग के प्रधान सचिव एवम मुख्य आयुक्त मन्दिर न्यास द्वारा जारी दिशा निर्देशों तथा हिमाचल प्रदेश हिन्दू सार्वजनिक धार्मिक संस्थान और पूर्व विन्यास (संशोधन) अधिनियम 2007 की धारा 3 (ख) के अन्तर्गत मन्दिर न्यास के कर्मचारियों के भर्त्ती और प्रोन्नति नियम तथा सेवा की शर्तें ऐसी होगी, जैसी कि मुख्य आयुक्त मन्दिर न्यास द्वारा

अधिसूचित की जायेगी। वर्तमान में मन्दिर न्यास समूह शाहतलाई के कर्मचारियों को हिमाचल प्रदेश राज्य सरकार के कर्मचारियों के बराबर वेतन मान प्रदान किये जा रहे है। अतः यह स्पष्ट किया जाए कि मन्दिर न्यास के कर्मचारियों की सेवा निवृति में सम्बन्धित मुख्य आयुक्त मन्दिर द्वारा जारी दिशा/अधिसूचना को अपनाया है गया अथवा वित्तायुक्त एवम सचिव (वित्त) हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्या फिन सी (ए) (3)/98 दिनांक 10.5.2001 को अपनाया गया है, क्योंकि इससे सम्बन्धित कोई भी स्पष्ट अभिलेंख अंकेक्षण में नहीं दर्शाए गए है। अतः यह मामला उच्च अधिकारियों के ध्यानार्थ इस आशय के साथ लाया जाता है कि इस सन्दर्भ में स्पष्ट किया जाए कि मन्दिर न्यास से सेवा निवृति से सम्बन्धित कौन से नियम मान्य है।

**(ख)** इसके अतिरिक्त मन्दिर न्यास श्री बाबा बालक नाथ समूह शाहतलाई में कार्यरत श्री पदम देव पुजारी की सेवा पंजिका की जांच करने पर यह भी पाया गया कि उक्त कर्मचारी ने न्यास में दिनांक 1.8.2002 को पुजारी के पद पर कार्य ग्रहण किया तथा 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर दिनांक 31.3.2014 को सेवा निवृत हुये है। इस प्रकार उक्त कर्मचारी का दिनांक 1.8.2002 से दिनांक 31.3.2014 तक 11 वर्ष 7 माह व 30 दिनों का सेवाकाल (Period of Service) हुआ तथा उनको 23छः माही/क्वालीफाईंग सर्विस की ग्रेच्युटी दी जानी अपेक्षित थी परन्तु उनको निम्नानुसार ₹282 की अधिक ग्रेच्युटी दी गई जिसका औचित्य स्पष्ट करते हुये इसकी वसूली की जानी सुनिश्चित की जाए।

**(i)** देय ग्रेच्युटी की राशि=16986x23/4=97670

**(ii)** भुगतान की गई वास्तविक राशि=97952

**(iii)** अधिक भुगतान की राशि=97952–97670=₹282

नोटः–Emolument for Gratuity = BP+GP+DA = (7290+1630+8046=16986)

(डी0ए0 की राशि का 90**%** की दर से भुगतान किया गया है)

**16 विभिन्न निर्माण कार्यों के भुगतानों में काटे गये लेबर सेस की ₹5845 जमा न करने बारे**

अंकेक्षण में जांच के दौरान पाया गया कि मन्दिर न्यास श्री बाबा बालक नाथ समूह शाहतलाई द्वारा विभिन्न निर्माण कार्यों के बिलों से (Building and other construction workers cess Act 1996) के अनुरूप निम्नविवरणानुसार ₹5845/–की लेबर सैस के रूप में कटौती की गई थी, परन्तु उक्त सेस की राशि को नियमानुसार सम्बन्धित विभाग तथा बोर्ड में जमा नहीं किया गया है, जिसे अब नियमानुसार सम्बन्धित विभाग में जमा किया जाना सुनिश्चित करें।

| क्रमाँक | माह | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | काटे गये एक प्रतिशत लेबर सैस की राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 9/11 | C/O Geeta Bhawan | 63222 | 632 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
